# पंचकल्याणक महोत्सव : नगर यात्रा निकाली व पंचामृत कल्षाभिषेक किया

**जयपुर।** मानसरोवर के न्यू सांगानेर रोड़ स्थित मान्यावास के इंजीनियर्स कॉलोनी के राधा रानी गार्डन में चल रहे तीन दिवसीय पंचकल्याणक महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को प्रातः 6.30 बजे आचार्य शशांक सागर महाराज ससंघ सान्निध्य और बाल ब्रह्मचारी पंडित धर्मचंद शास्त्री और ब्रह्मचारी जिनेश भैया का निर्देशन में जन्मकल्याणक की क्रियाएं विधि मंत्रोचारण और बीज मंत्रों के साथ प्रारंभ हुई, जिसमें सर्व प्रथम मारुदेवी (तारादेवी छाबड़ा) द्वारा भगवान जन्म हुआ, जिसके बाद नगर जयकारों की दिव्यगुज से गुंजायमान हो उठा और सौधर्म इंद्र दिवाकर शिल्पी जैन चित्तौड़ा तीर्थंकर बालक को अपने मस्तक पर बिठा बैंड-बाजों और जयकारों के साथ नाचते - गाते हुए तीर्थंकर बालक को पांडुकलशिला की चलने लगे और नगर में दिव्यगूंज की लहर दौड़ पड़ी और सभी श्रावक और श्राविकाएं सौधर्म के साथ नगर यात्रा में साथ चलने लगे और देखते ही देखते सारे इंद्रो द्वारा पुष्प वर्षा करते हुए चलने लगे, धनपति कुबेर इंद्र अशोक सीमा जैन द्वारा पूरे नगर में रत्नवृष्टि की गई। पांडुकशिला पर तीर्थंकर बालक को विराजमान किया गया और बीज मंत्रों और अष्ट द्रव्यों के साथ जन्म स्थापना कर जल, चन्दन, केसर, गुलाब, नारियल, अनार, संतरा, दूध, दही, घी इत्यादि 21 रसों से सभी प्रमुख इंद्र इंद्राणियों द्वारा कल्षाभिषेक किया गया, इस अवसर पर लगभग 251 से अधिक श्रद्धालुओं ने जन्माभिषेक कलश में भाग लिया।



तीन दिवसीय पंचकल्याणक महोत्सव के दूसरे दिन जन्मकल्याणक की क्रियाएं विधि मंत्रोचारण और बीज मंत्रों के साथ प्रारंभ हुई।

- महोत्सव में जन्म और तप कल्याणक की क्रियाएं संपन्न हुई, सोमवार को होगा केवल ज्ञान और मोक्ष कल्याणक की क्रियाएं होगी, नवीन वेदी पर विराजमान होगे तीर्थंकर शांतिनाथ, निकलेगी भव्य रथयात्रा और होगा कल्षाभिषेक

महोत्सव समिति प्रचार संयोजक अभिषेक जैन बिट्टूने बताया कि श्रीजी के जन्माभिषेक कलश के पश्चात् पालकी में तीर्थंकर बालक को विराजमान किया गया और जयकारों के साथ सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने तीर्थंकर बालक को पालकी में झूला झुलाया, इसके बाद 100 से अधिक बच्चों के साथ बालक्रीड़ा का आयोजन चला, जिसमें तीर्थंकर बालक की विभिन्न क्रीड़ाओं का आयोजन संपन्न करवाया गया। दोपहर 2 बजे से तीर्थंकर की युवा अवस्था और वैराग्य भाव की झलकियों का प्रदर्शन के साथ तप कल्याणक की क्रियाएं संपन्न हुई।

इस दौरान तीर्थंकर के वैराग्य से लेकर तप कल्याणक की कठोर तपस्याएं दर्शाई गई। जिसके देखने के साक्षी बनने का सौभाग्य इंजीनियर्स कॉलोनी और कार्यक्रम में पधारे हजारों श्रद्धालुओं ने प्राप्त किया। शाम 7 बजे से श्रीजी की आरती और आचार्य संघ की मंगल आरती की गई और शास्त्र पाठ का वाचन किया गया जिसके उपरांत राज दरबार की रचना होगी जिसमें विभिन्न संस्कृति कार्यक्रम सम्पन्न हुए।

महोत्सव संयोजक सपन छाबड़ाने बताया कि जन्म और तप के अवसर पर पंडित धर्मचंद शास्त्री व ब्रह्मचारी जिनेश भैया के निर्देशन दिनभर अष्ट द्रव्यों से पूजन का भी दौर लगातार चलता रहा और जन्म, तप कल्याणक की आंतरिक क्रियाएं पूरी रात भर चलती रही इस दौरान रविवार को 1008 से अधिक अर्घ्य और नारियल चढ़ाए गए। वहीं सोमवार को पंचकल्याणक महोत्सव का अंतिम दिन रहेगा जो तीर्थंकर के केवल ज्ञान और मोक्ष कल्याणक की क्रियाओं और भव्य नगर शोभायात्रा के साथ एवं नवीन वेदी पर श्रीजी को विराजमान कर कल्षाभिषेक के साथ सम्पन्न होगा।

## जन्मोत्सव पर 75 यूनिट रक्तदान

**निवाई।** आनन्द हॉस्पिटल में कमलादेवी विजय के जन्मोत्सव पर रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ जिसमें 75 यूनिट रक्तदान हुआ है। इस दौरान फादर्स डे पर पुत्रों ने अपने अपने पिता के स्नेह के रूप में रक्तदान किया। इस अवसर पर डॉ. आनन्द विजय ने कहा कि रक्तदान महादान होता है।

इसी से किसी अन्य व्यक्ति को जीवनदान मिलता है। डॉ. योगेन्द्र विजय व डॉ. महेन्द्र गुर्जर ने कहा कि रक्तदान करने से कोई साईड इफेक्ट नहीं होता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से नए रक्त का संचार होता है। जिससे स्वास्थ्य स्वास्थ रहता है। रक्तदान शिविर में पिता गिरिराज विजय व पुत्र मयंक विजय, पिता राकेश चंवरिया व पुत्र अर्पित चंवरिया, पिता बेणी झिराना व पुत्र आदिश झिराना, ओम विजय, गौरव शर्मा, सुरेंद्र गुर्जर, पूर्व सरपंच मूरलीधर मीणा व विनोद मीणा गिरदावर सहित कई युवाओं ने बढ चढकर रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर में पिता व पुत्रों ने एक साथ रक्तदान किया। इस दौरान राकेश चंवरिया ने 51वीं बार रक्तदान कर रिकार्ड बनाया। शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को सम्मानित किया गया।

## सार-समाचार

### डम्पर चोरी करने वाला बदमाश गिरफ्तार



**जयपुर।** बगरू थाना ने कार्रवाई करते हुए डम्पर चोरी करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चोरी किए गए डम्पर को भी जब्त किया गया है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि बगरू थाना ने डम्पर चोरी मामले में आरोपी गनी मोहम्मद (50 निवासी प्रतापनगर जिला भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में दो जून को पीडित विजेंद्र ने मामला दर्ज करवाया था कि सांगानेर में उसकी बालाजी इफ्रां नाम से फर्म है। फर्म के दो डम्पर रोडी-बजरी में चलते है। एक जून की रात चालक गिरधारी लाल गुर्जर डम्पर को चौधरी ग्रीन हाउस के सामने रोड किनारे खड़ा कर अपने गांव चला गया था। अगले दिन सुबह दूसरे चालक के पहुंचने पर डम्पर गायब मिला। डम्पर चोरी के मामले में पुलिस ने वारदात स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालते हुए चोरी हुए डम्पर का पीछा करते हुए बदमाश गनी मोहम्मद को गिरफ्तार किया और साथ ही चोरी हुए डंपर को जब्त किया । पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

### युवक को बाईक स्टंट करना पड़ा भारी



**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से जयपुर शहर में बाइक स्टंट कर रहे बाइक सवारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आमेर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पावर बाइक से स्टंट कर स्वयं और राहगीरों की जान खतरे में डालने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है और साथ ही उसकी बाइक को भी जब्त किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि आमेर थाना इलाके में स्थित आमेर महल के सामने मावठा पर बाइक स्टंट का एक विडियो सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल हो रहा था। जिसमें बाइक सवार एक युवक पावर बाइक से स्टंट करके न केवल स्वयं की,बल्कि अन्य राहगीरों की जान खतरे में डाल रहा था। जिस पर पुलिस ने बाइक रजिस्ट्रेशन के आधार पर आरोपित युवक साहिल बावरिया निवासी झोटवाड़ा गिरफ्तार किया है और स्टंट में प्रयुक्त बाइक भी जब्त की गई।

### ऑटो में चार्जिंग पर लगा मोबाइल ले भागे बाइक सवार दो बदमाश

**जयपुर।** अशोक नगर थाना इलाके में बाइक सवार दो बदमाश ऑटो में चार्जिंग पर लगा मोबाइल लेकर भाग निकले। पुलिस के अनुसार सोडाला निवासी अब्दुल लतीफ ने मामला दर्ज करवाया कि वह अपने ऑटो को सड़क किनारे खड़ा कर चाय की दुकान पर बैठा था। ऑटो में मोबाइल चार्जिंग पर लगा था। इसी दौरान बाइक पर दो बदमाश आए और उसके ऑटो में लगे मोबाइल को चार्जिंग से हटाकर ले गए। जब तक वह कुछ समझ पाता तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गए। इस पर पीडित थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

### दुपहिया वाहन चुराने वाला आया पुलिस गिरफ्त में

**जयपुर।** ज्योति नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से एक चोरी का एक दुपहिया वाहन (बाइक) भी जब्त की है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी संतरा मीणा ने बताया कि दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर रोहित प्रजापत (22) निवासी करधनी जयपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक दुपहिया वाहन बाइक बरामद की है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

### अवैध हथियार सहित एक बदमाश गिरफ्तार



**जयपुर।** मुहाना थाना पुलिस ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को पकड़ा है और उसके पास से एक देशी कट्टा और एक कारतूस जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 23 वर्षीय सोहेल निवासी सांगानेर जयपुर गिरफ्तार कर उसके पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस आरोपी से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

### शिविर में 197 मरीजों की नेत्र जांच

**जयपुर ।** शेखावाटी अग्रवाल समाज संस्था के तत्वावधान में व संजय एंड ज्योति अग्रवाल फाउंडेशन के सौजन्य से 149 वाँ निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर रविवार को विद्याधर नगर, सेक्टर-7 स्थित महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल में आयोजित किया गया। षिविर में 197 मरीजों ने आंखों की जांच व 137 व्यक्तियों को चश्में वितरण किए गए,साथ ही 14 व्यक्तियों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। संस्था के सदस्य नथमल बंसल ने बताया कि शिविर संजय एण्ड ज्योति अग्रवाल फाउंडेशन के प्रतिनिधि कमलनयन बागला, सुधीर गाड़िया, ,सुरेश अग्रवाल, ,रामसुंदर जयपुरिया ,विनोद गुप्ता, सुरेश सिंगडोदिया, सुशील अग्रवाल, बजरंग लाल गर्ग, अरुण काबरा नाथूराम बिजाका, शिव कुमार जालान, शंभू दयाल पलसानिया, दिलीप अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, अनिल शर्मा , मुकेश मीणा व राजेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## नशीला पदार्थ पिलाकर बादाम के कट्टे लूटने वाले बदमाशों सहित खरीदार भी गिरफ्तार

**जयपुर।** बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक चालक को नशीला पदार्थ पिलाकर बादाम के कट्टे लूटने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है और साथ ही लूट के माल को खरीदने वाले दो खरीदारों को पकडा है। जिनके पास से 312 कट्टे बादाम के नागौर से बरामद किया है। इसके अलावा लूट की वारदात में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन भी जब्त किया है।

- 312 कट्टे बादाम के नागौर से बरामद किया है। इसके अलावा लूट की वारदात में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन भी जब्त किया
- जौधपुर और 41 वर्षीय भूपेन्द्र कुमार निवासी जालौर को गिरफ्तार किया

फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित ने बताया कि बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात जून को राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक चालक को नशीला पदार्थ पिलाकर बादाम के कट्टे लूटने वाले 41 वर्षीय शाकिर निवासी चौमूं हाल दूदू जिला जयपुर,24 वर्षीय मंसूरी उर्फ इलम निवासी हनसपुरा,28 वर्षीय बाबूलाल चौधरी निवासी मोखमपुरा जिला जयपुर सहित चोरी माल खरीदने वाले 38 वर्षीय राजकुमार सैनी निवासी जौधपुर और 41 वर्षीय भूपेन्द्र कुमार निवासी जालौर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से लगाए गए 312 कट्टे बादाम के बरामद किए है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## सचिवालय नगर योजना के हजारों पीड़ितों को न्याय की मांग

**जयपुर।** दशकों से विवादित सचिवालय नगर योजना पीड़ितों द्वारा आंदोलन की आम सभा सचिवालय नगर जन कल्याण समिति के प्रधान कार्यालय मदन निवास आशावाला वाटिका रोड पर पर आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता सचिवालय नगर जन कल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक मेहता ने की और उपस्थित सदस्य सुरेश पारीक, प्रहलाद साहू, मनीष दुसाध, राज मेहता, सुनील शर्मा, महावीर जैन, रतन भारद्वाज, मदन मोहन शर्मा, किरण शर्मा, संजय जोशी, सुरेश चंद शर्मा, रविंद्र जैन, सुधीर चोपड़ा, रविंद्र कुमार, घनश्याम गुप्ता, प्रदीप जैन, सुनील जैन, महेश चंद्र भाकर, राहुल अरोड़ा अरुण मोहन सैनी, तनुष सैनी, संजय शर्मा, राजकुमार, वह अन्य सभी सदस्यों ने सर्व समिति से सचिवालय नगर जन कल्याण समिति के भावी आंदोलन की रुपरेखा एवं एजेंडे को मंजूरी दी।

- दशकों से विवादित सचिवालय नगर योजना पीड़ितों द्वारा आंदोलन की आम सभा आयोजित

आयोजित सभा में उपस्थित पीड़ित सदस्यों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये और के प्रस्ताव रखे जिसको आंदोलन की भावी रणनीति व संघर्ष के एजेंडे में शामिल किया गया समिति अन्य सदस्यों से भी व्हाट्सएप पर आंदोलन के एजेंडे पर, सुझाव और प्रस्ताव बाबत सहमति प्रदान ली गई।जैसा कि विदित है मुहाना गृह निर्माण सहकारी समिति लि. द्वारा सन 1992 में सृजित सचिवालय नगर योजना के सहकारिता विभाग की निगरानी और नियंत्रण में रहते हुए सैकड़ों करोड रुपए की जमीनों का महा घोटाला हुआ, मुहाना गृह निर्माण सहकारी समिति में सहकारिता विभाग द्वारा नियुक्त प्रशासक / समापक सुनील चौधरी व उनकी कारगुजारियों में सहयोगी गणेश एंड कंपनी, सहकार नगर, श्रीमत् सालासर बिल्डकॉन, श्रीमत् महावीर बिल्डकॉन के निदेशक राधेश्याम शर्मा, रामप्रकाश गुप्ता, अलका गुप्ता अन्य सहयोगी सुरेश सहारण शुरुआत से ही फर्जीवाड़े और घोटालों में जुड़े थे उसके बाद अब विवादित सचिवालय नगर योजना के फर्जीवाड़ों व संगठित अपराधों में समृद्धि बिल्ड एस्टेट, विनायक एसोसिएट्स के विष्णु गुप्ता, मुकेश यादव व अन्य सहयोगी भी और जुड़ गये।

मुहाना गृह निर्माण सहकारी समिति की सृजित योजना में भूखंडों के मूल आबंटी व हितधारी पीड़ित सदस्यों को 25 वर्षों से अपने ही भूखंडों का कब्जा आज भी नहीं मिल रहा है क्योंकि योजना की डोर और प्रबंधन सहकारिता विभाग के प्रशासक / समापक अन्य उनके सहयोगियों सहित जिन लोगों और कर्ता-धर्ताओं के हाथों में रही सभी उनके निजी स्वार्थ, लालच और निजी हित के चलते सम्पूर्ण योजना में फर्जीवाड़ा, अनियमितता, गबन, योजना को सुनियोजित साजिशों से सरकारी कार्यवाहियों के मक्कड़जाल और कानूनी दांवपेंज में उलझा कर हजारों पीड़ित हितधारी सदस्यों को निराशा अवसर, नुकसान और भारी बर्बादी के कगार पर पहुंच दिया गया।

## कवि शर्मा बने नगर समिति के निर्विरोध अध्यक्ष

**जयपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज निर्माण नगर समिति द्वारा रविवार की आमसभा आयोजित की गयी। इस आम सभा सर्वसम्मति से कवि शर्मा को समिति का नया अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत रूप से शपथ ग्रहण की।

शपथ सेवा निवृत्त आईपीएस नटवरलाल शर्मा द्वारा दिलाई गई। बी बी शर्मा एंव अजय पारीक ने अध्यक्ष पद हेतु कवि शर्मा का नाम प्रस्तावित किया जिसे वहाँ उपस्थित सभी सदस्यों ने समर्थन देते हुए एकमत से स्वीकार किया।

शपथ ग्रहण के उपरांत कवि शर्मा ने समाज के सर्वांगीण विकास और एकजुटता के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई।

कार्यक्रम में वार्ड 64 के क्षेत्रीय पार्षद राजू अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण शर्मा, कार्यकारिणी सदस्यगण सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने कवि शर्मा का माला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें अध्यक्ष पद की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## हत्या की सुपारी लेकर हमला करने वाली गैंग के तीन बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** संजय सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या की सुपारी लेकर हमला करने वाली गैंग के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गैंग का मुख्य सरगना अभी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। जिसकी तलाश में पुलिस टीम जगह-जगह दबिश दे रही है। गिरफ्तार आरोपियों ने दो जून को थाना इलाके में एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला। पीड़ित की शिकायत पर सैकड़ों सीसीटीवी खंगालते हुए पुलिस ने गैंग के तीन बदमाश गिरफ्तार किए। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।



पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या की सुपारी लेकर हमला करने वाली गैंग के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि संजय सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या की सुपारी लेकर हमला करने वाली गैंग के मोहम्मद अफजल (25)निवासी शास्त्री नगर , मोहम्मद जुनैद (23) निवासी रामगंज और मोहम्मद रुस्तम(23) निवासी जयसिंहपुरा खोर को गिरफ्तार किया है। तीनों बदमाश पैसा लेकर लोगों के साथ मारपीट किया करते हैं। तीनों से हुई पूछताछ के बाद गैंग के मुखिया की तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि जून को संजय सर्किल क्षेत्र में एक व्यक्ति के साथ कई व्यक्तियों ने पाइप, सरियों, डंडो से मारपीट की थी। पीड़ित द्वारा दी गई शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई। एक विशेष टीम बना कर काम पर लगाया गया। गठित टीम ने घटनास्थल एवं आसपास के सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज एनालिसिस कर मुखबिर से मिली जानकारी के बाद तीन बदमाशों को पकड़ा।

## साभर के एपीपी उमाशंकर व्यास का अभिनंदन

**सांभरझील।** एडवोकेट उमाशंकर व्यास का स्थानीय लोगों ने उनके आवास पर एक आयोजित कार्यक्रम में जोरदार अभिनंदन कर उन्हें अपर लोक अभियोजक राज्य सरकार द्वारा नियुक्त करने पर बधाई दी। एडवोकेट उमाशंकर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम संख्या 2 में स्टेट गवर्नमेंट की ओर से राजकीय अधिवक्ता की हैसियत से पैरवी करेंगे। नियुक्ति पर उन्होंने अपने आदर्श गुरु रतन कुलदीप व्यास का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया। पंडित हरिदास शर्मा ने कहा कि व्यास ने अपने कुल का ही नहीं बल्कि सांभर का भी नाम रोशन किया है। मुंशी राजेश कुमार शर्मा, सचिव भगवती प्रसाद गॉड, कृष्ण गोपाल बागड़ा, नंदीकेश्वर मेला कमेटी के कोषाध्यक्ष परमानंद पाराशर, स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मनीष सूंठवाल, अखाड़ा के उस्ताद चंद्रशेखर दाधिच की तरफ से पुष्पहार पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

## भाजपा शहर अध्यक्ष छाबडा ने की कार्यकारणी घोषित


**निवाई।** भारतीय जनता पार्टी के शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदनसिंह राठौड, जिलाध्यक्ष चन्द्रवीरसिंह चौहान की अनुमति से विधायक रामसहाय वर्मा के निर्देशन में कार्यकारणी की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि कार्यकारणी में महामंत्री के पद पर जयनारायण कुमावत व वंशप्रदीप पारीक, उपाध्यक्ष किशनलाल चौधरी, शंकरलाल पडियार, शिवप्रकाश पारीक, नगेन्द्रसिंह, चन्द्रकला खंडेलवाल व मोहित जैन, मंत्री जितेन्द्र विजय, लक्ष्मण गुर्जर, जितेन्द्र धारवाल, पार्षद शंकरलाल सैनी, रामकेश मीणा व सुमित्रा वर्मा, कोषाध्यक्ष रामबिलास बलाई, सह कोषाध्यक्ष विरेन्द्रसिंह, कार्यालय मंत्री गोवर्धन जैन, सह कार्यालय मंत्री नरेश कसाणा, मीडिया प्रभारी संजय हरसोरा, सह मीडिया प्रभारी सियाराम शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी अर्जुन शर्मा, सह सोशल मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश वर्मा, आईटी सेल प्रभारी चन्दनमल कंवरिया, सह प्रभारी जॉनी केशवानी, प्रचार मंत्री अनिल पारीक सिरस एवं सह प्रचार मंत्री के पद पर जॉन्टी नकवाल को नियुक्त किया है।

- विधायक रामसहाय वर्मा व पालिकाध्यक्ष इसरानी ने नवनियुक्त कार्यकारणी का किया स्वागत

इस दौरान नवनियुक्त शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा सहित समस्त कार्यकारणी का विधायक रामसहाय वर्मा व पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के सानिध्य में पद व गोपनीयता की शपथ दिलाकर माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

## फायरिंग मामलाः पुलिस ने मुख्य आरोपी कालू सूद व नरेश को गिरफ्तार किया

**कोटपूतली।** कस्बे से होकर गुजर रहे बानसूर रोड़ पर निकटवर्ती बुटेरी टोल नाका के पास स्थित खाद- बीज की दुकान के अंदर बैठे बानसूर थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर अपराधी घनश्याम उर्फ घन्या गुर्जर पर विगत 10 जून की दोपहर हुई फायरिंग की वारदात का खुलासा करते हुये पुलिस ने प्रकरण के दो मुख्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि विगत 10 जून को घनश्याम उर्फ घन्या गुर्जर दुकान में बैठा था। तभी एक कैम्पर गाड़ी में सवार होकर आये बदमाशों ने उस पर फायरिंग कर दी थी। वारदात में घनश्याम के सीने व कमर पर गोली लगी थी। जिसके बाद उसने मौके से करीब 500 मीटर दूर एक घर में घुसकर अपनी जान बचाई थी। जहां महिलाओं द्वारा हो-हल्ला मचाने पर हमलावर मौके से फरार हो गये थे। एक ओर जहां घटनाक्रम में घायल घनश्याम का जयपुर के एसएमएस अस्पताल में उपचार जारी है, उसका उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। वहीं दुसरी ओर वारदात के तुरन्त बाद बानसूर थाने में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। एसपी राजन दुष्यंत ने प्रैस नोट जारी करते हुये बताया कि हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु एएसपी वैभव शर्मा, बानसूर डीएसपी दशरथ सिंह, कोटपूतली डीएसपी राजेन्द्र बुरडक व बानसूर एसएचओ सुरेन्द्र मलिक के नेतृत्व में जिला स्तर पर चार अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीमों ने आपस में समन्वय स्थापित कर वारदात को अन्जाम देने वाले अभियुक्त सूदों की ढ़ाणी, बुटेरी निवासी कालू सूद, महनपुर (बानसूर) निवासी मोती जाट, मौजी की ढ़ाणी, बानसूर निवासी हिमांशु रावत, मुगलपुर निवासी संदीप व नरेश उर्फ नरसी घांघल को चिन्हित किया था। पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियुक्तों के सहयोगकर्ताओं को लगातार डिटेन कर उनकी तलाश की जा रही थी।



पुलिस ने प्रकरण के दो मुख्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- अपने वर्चस्व को साबित करने के लिये की थी फायरिंग की वारदात
- आरोपी कालू सूद व घनश्याम उर्फ घन्या पूर्व में एक साथ ही करते थे अपराध
- गिरफ्तार अभियुक्तों का बानसूर के मुख्य बाजारों में निकाला जूलूस

इसी दौरान शनिवार 14 जून को पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम पनियाला, कोटपूतली से मुख्य आरोपी कालू सूद व नरेश उर्फ नरसी घांघल को डिटेन किया। इस दौरान दोनों अभियुक्त अपने आप को बचाने के लिये पहाड़ी की तरफ भाग गये। जहां जाप्ते की मदद से दोनों को डिटेन कर मेडीकल मुआयना करवाया गया एवं इसके बाद अभियुक्त सूदों की ढ़ाणी, बुटेरी निवासी कालू सूद (28) पुत्र जयराम गुर्जर व ग्राम जैनपुरबास, बहरोड़ निवासी नरेश उर्फ नरसी घांघल (22) पुत्र मूलाराम गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी में बहरोड़ सदर थाने के कानि. राजकुमार की विशेष भूमिका रही।

## भैरू बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन

**मनोहरपूर।** देवन में भैरू बाबा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित और शंकर मार्बल एंड ठोनाइट द्वारा प्रायोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन एक भव्य समारोह के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की 32 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जो स्थानीय स्तर पर क्रिकेट के प्रति बढ़ते उत्साह और खेल की लोकप्रियता को दर्शाता है। यह टूर्नामेंट न केवल खेल के मैदान में प्रतिस्पर्धा का अवसर प्रदान करेगा, बल्कि स्थानीय समुदाय को एकजुट करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. विकास यादव थे, जिन्होंने अपने प्रेरक संबोधन में खेलों के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि "खेल केवल शारीरिक गतिविधि नहीं हैं; ये हमें अनुशासन, टीम भावना और भाईचारे की भावना सिखाते हैं। क्रिकेट जैसे खेल हमारे युवाओं को नकारात्मक गतिविधियों से दूर रखते हैं और उन्हें एक सकारात्मक दिशा में प्रेरित करते हैं।"